3. नामावली में नाम सम्मिलित करने के लिए प्ररूप —11 में प्रत्येक आपेक्ष, उस व्यक्ति द्वारा जिस का नाम पहले से ही नामावली में सम्मिलित है, किया जाएगा और किसी अन्य व्यक्ति द्वारा जिसका नाम भी नामावली में सम्मिलित है, प्रतिहस्ताक्षरित किया जाएगा।

4. यथास्थिति प्रत्येक ऐसे दावे या आपेक्ष का रजिस्ट्रार द्वारा परीक्षण किया जाएगा जो उस पर अपनी टिप्पणियां अभिलिखित करेगा, जिसके अनुसरण में वह, दावे यह आपेक्ष को या तो अनुज्ञता यह अस्वीकार कर सकेगा।

परन्तु दावे या आपेक्ष को तब तक अस्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक कि दावा या आपेक्ष करने वाले व्यक्ति को ऐसे अस्वीकृत किए जाने के विरूद्व अभ्यावेदन (ब्यपदेशन) करने का अवसर न दे दिया जाए।

(5). दावे यह आपेक्ष को अनुज्ञात करने या अस्वीकृत किए जाने का, रजिस्ट्रार का बिनिश्चय अन्तिम होगा।

8. नामावली का अन्तिम प्रकाशनः—

(1). रजिस्ट्रार, नियम न के अधीन दावों ओर आक्षेपों, यदि कोई हों, का निपटान करने के पश्चात, उक्त नियम के अधीन अपने विनिश्चयों को कार्यान्वित करने के लिए और नामावली में, तत्पश्चात प्रकट हुई

या उसके नोटिस में लाई, किसी लेखन भूल या मुद्रण सम्बन्धी मूल या अन्य अशुद्वियों को दूर करने के लिए संशोधनों की सूची तैयार करेगा।

(2). रजिस्ट्रार, संशोघनो की सूची सहित नामावली संपूर्ण प्रति बनाकर, इसे प्रकाशित (करेगा) करवाएगा और इसे परिषद् के कार्यालय में प्रदर्शित करके निरीक्षण हेतु उपलब्ध करवायेगा और ऐसे व्यक्तियों, जिन्होने इसकी प्रदाय (पूर्ति) करने हेतु आवेदन किया हो, संदाय पर निर्वाचक नामावली की प्रतियों की पर्याप्त संख्या मुद्रित करवाएगा।

(3). ऐसे प्रकाशन पर, संशोधनों की सूची सहित नामावली होगी, जो धारा 3 की उप–धारा (3) के खण्ड (ग) के अधीन राज्य चिकित्सा परिषद के सदस्यों का निर्वाचन कर सकेंगे।

(4). उप–नियम (2) के अधीन प्रकाशित संशोघनों सहित नामावली की प्रति रजिस्ट्रार द्वारा राज्य सरकार को भेजी जाएगी।

9. निर्वाचन सूचनाः–

(1). जब कभी धारा 3 की उप–धारा (3) के खण्ड (ग) के अधीन परिषद के लिए निर्वाचन किया जाना है या रिक्त भरी जानी है, तो रजिस्ट्रार निम्नलिखित भौरें देते हुए और निर्वाचको से सूचना (नोटिस) में विनिर्दिष्ट की जाने वाली तारीख तक सदस्य या सदस्यों का निर्वाचन करने की अपेक्षा करते हुए प्ररूप–111 के अनुसार सूचना (नोटिस) जारी करेगा।

(क) निर्वाचन की तारीख।

(ख) भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या।

(ग) जब तक तारीख व समय अभ्यर्थियों द्वारा अपने नामांकन फाइल किए जाएगें।

(घ) (नामांकन) पत्रों का संवेक्ष की तारीख और समय।

(ङ) जब तक कोई तारीख और समय अम्यर्थी अपना नामनिर्देशन (नामांकन) वापस ले सकेगें।

(च) मतो की गणना और परिणामों की घोषणा की तारीखः और

(छ) निर्वाचन की बावत कोई अन्य सुसंगत जानकारीः

परन्तु

(i) नामनिर्देशन (नामांकन) फाइल दाखिल करने हेतु तारीख उक्त अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख के पश्चात सातवां दिन, या यदि उस दिन सार्वजनिक अवकाश हो, तो उगला उतरवर्ती दिन जो सार्वजनिक अवकाश नहीं है होगाः

(ii) नामनिर्देशन (नामांकन) वापस लेने की अतिम तारीख नामनिर्देशन (नामांकन) की संवेक्षा हेतु दिन के पश्चात दूसरा दिन या, यदि उस दिन सार्वजनिक अवकाश हो, तो अगला उत्तरवर्ती दिन, जो सार्वजनिक अवकाश नही, होगाः

(iii) मतदान की तारीख, यदि आवश्यक हो, (नामांकन) वापस लेने की अंतिम तारीख से तीसवें दिन से पूर्ण नहीं होगी : और

(iv) मतो की गणना और परिणामों की घोषणा हेतु तारीख और समय मतदान की तारीख से तीसरे दिन से परे (के पश्चात) नहीं होगा।

(2). उप–नियम (1) के अधीन जारी सूचना (नोटिस) द्वारा परिषद के निर्वाचन हेतु अभ्यर्थियों के नामनिर्देशन (नामांकन) पत्र भी आमंत्रित किए जाएंगे और उस स्थान को विनिर्दिष्ट किया जाएगा जहां पर (नामांकन) पत्र परिदत किए जाने है।

(3). सूचना (नोटिस) प्रति अंग्रेजी और हिन्दी में दो अग्रणी समाचार–पत्रों में प्रकाशित करने के साथ–साथ रजिस्ट्रार के कार्यकाल में सूचना बोर्ड पर चिपकाई जाएगी।

10. नामनिर्देशन (नामांकन) पत्रों की प्रस्तुति और विद्यमान्य (नामांकन) के लिए अपेक्षाएंः–

(1). नियम 9 के उप–नियम 1 के अधीन नियत तारीख को या पहले प्रत्येक अभ्यर्थी प्रत्येक नामनिर्देशन (नामांकन) हेतु प्रतिभूति के रूप में हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद को शिमला में संदेश 1000 / – (एक हजार रूपए) के बैंक ड्राफ्ट सहित प्ररूप –पअ में नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी को अभिलिखित पत्र सहित रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजेगा या व्यक्तिगत रूप से परिदत करेगा।

(2). प्रत्येक नामनिर्देशन (नामांकन) पत्र जो निर्वाचकों द्वारा एक प्रस्थापक के रूप में और अन्य समर्थक के रूप में, हस्ताक्षरित किया जाएगा। तथा उनके द्वारा सातविक और समर्थित अभ्यर्थी द्वारा अनुभव होगा।

परन्तु कोई भी निर्वाचक (मतदाता) जितने पद भरे जाने है उससे अधिक (नामांकन) पत्र, हस्ताक्षक या सर्म्थन के रूप में हस्ताक्षरित नहीं करेगा।

परन्तु यह और कि यदि कोई निर्वाचक जितने पद भरे जाने है उनसे अधिक संख्या में नामनिर्देशन (नामांकन) पत्र हस्ताक्षरित करता है, तो रिटर्निंग अधिकारी द्वारा, भरे जाने वाले पदो की सख्या से अधिक हो, साथ–साथ प्राप्त हुए हों, तो ऐसे समस्त नामनिर्देशन (नामांकन) पत्र अवधिमान्य होंगे।

(3) रिटर्निंग अधिकारी, प्रत्येक नामनिर्देशन (नामांकन) पत्र की प्राप्ति पर, उस पर उसकी प्राप्ति की तारीख और समय पृष्ठांकित करेगा।

11. प्रतिभूति निक्षेप का समपहरण और प्रतिदानः– (1) यदि कोई अभ्यर्थी, जिसके द्वारा या जिसकी ओर से नियम 10 में निर्दिष्ट प्रतिभूति किया जा चुका है, निर्वाचित नहीं होता है और उसके पक्ष में डाले गए मतों की संख्या डाले गए कुल विधिमान्य मतों के 1/6 से कम है या अभ्यर्थी के खाते में ठीक 1/6 विधिमत मत (प्रविष्ट) दर्ज हुए हैं तो प्रतिभूति निक्षेप परिषद को समपहृत हो जाएगी।

(2) निम्नलिखित मामलो में प्रतिभूति निक्षेप रिटर्निंग अधिकारी की सिफारिश पर, अध्यक्ष के लिखित ओदश द्वारा अभ्यर्थी को या यदि उसके द्वारा नही किया गया है तो उस व्यक्ति को जिसके द्वारा उसे दिया गया था या जहां अभ्यर्थी की मृत्यु हो चुकी हो तो उसके विधिक प्रतिनिधि को उसका प्रतिदाय किया जाएगा।

(क) जहां अभ्यर्थी का नामांकन पत्र अस्वीकृत किया गया हो'; या

(ख) जहां अभ्यर्थी ने विनिर्दिष्ट समय के भीतर अपना नामनिर्देशन (नामांकन) वापस लिया हो;

या

(ग) जहां निर्वाचकों को मतपत्र जारी करने से पूर्व ही अभ्यर्थी की मृत्यु हो चुकी हो।

(3) प्रतिभूति निक्षेप का प्रतिदाय, निम्नलिखित मामलों में निर्वाचन के परिणामों की घोषणा के पश्चात् किया जाएगाः–

(क) जहां पग्रति अभ्यर्थी निर्वाचित नहीं हुआ, तथापि उप–नियम (1) के अधीन अपनी प्रतिभूति निक्षेप समपहृत नहीं करता; या

(ख) जहां अभ्यर्थी निर्वाचित हुआ हो।

12. नामनिर्देशन (नामांकन) पत्र की अस्वीकृतिः– नामनिर्देशन (नामांकन) पत्र जो रिटर्निंग अधिकारी द्वारा उस निमित नियत तारीख को या पहले प्राप्त नहीं होता है अस्वीकृत (नामंजूर) किया जाएगा।

13. नामनिर्देशन (नामांकन) पत्र की प्रतिभूतिः– (1) नामनिर्देशन (नामांकन) पत्रों की संवीक्षा हेतु रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नियत तारीख और समय पर अभ्यर्थी तथा प्रत्येक अभ्यर्थी का सस्तासवक और समर्थक या अभ्यर्थियों द्वारा इस निमित समपक रूप से प्राधिकृत अन्य प्रतिनिधि रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में हाजिर हो सके तो जो उन्हें समस्त अभ्यर्थियों नामनिर्देशन (नामांकन) पत्रों, जो उसके पास प्राप्त हुए है की परीक्षा करने के लिए अनुज्ञात करेगा। (2)नामनिर्देंशन (नामांकन) अविधिमान्य घोषित किया जाएगा।

(क) यदि प्रस्तावक या समर्थक ने रिक्तियों की संख्या से अधिक अभ्यर्थियों की नामनिर्देशन (नामांकन) पत्र हस्ताक्षरित किए हो;

(ख) यदि नामनिर्देशन (नामांकन) पत्र अभ्यर्थी द्वारा या प्रस्तावक द्वारा या समर्थक द्वारा हस्ताक्षरित नहीं हुआ हो।

(ग) यदि नामनिर्देशन (नामांकन) पत्र रिटर्निंग अधिकारी को नाम द्वारा संबोधित नहीं किया गया हो और इस प्रयोजन के लिए अधिसूचित तारीख और समय तक रजिस्ट्रीकृत आवरण / लिफाफे उसके पास नहीं।

(घ) यदि अभ्यर्थी द्वारा नियम 10 के अधीन प्रतिभूति के रूप में निक्षिपत किए जाने हेतु अपेक्षित 1000 / रूपए (एक हजार रूपए) की राशि रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नियत तारीख और समय के भीतर प्राप्त नहीं की गई हो;

(ङ) यदि इसमें प्रस्तावक और समर्थक की रजिस्ट्रीकरण संख्या नहीं हो या यदि रजिस्ट्रीकरण संख्या गलत हो;

(च) यदि अभ्यर्थी के पास वे अपेक्षित अर्हताएं या क्षमता न रह गई हो जिसके आधार पर वह निर्वाचन चाह रहा हो; और

(छ) यदि अभ्यर्थी धारा न की उपधारा 1 के अधीन परिषद के सदस्य के रूप में निर्वाचित होने के लिए रिर्हित हो।

(3) रिटर्निंग अधिकारी, इस प्रकार प्राप्त नामनिर्देशन (नामांकन) पत्रों की परीक्षा (जाचं पड़ताल) करेगा और ऐसे समस्त प्रश्नों को विनिश्चित करेगा जो किसी नामनिर्देशन (नामांकन) की विधिमान्यता की बावत उत्पन्न हो सकते हों तथा उन पर उसका विनिश्चय अंतिम होगा।

14. नामनिर्देशन (नामांकन) वापस लेनाः– (1) कोई भी अभ्यर्थी नियम 9 के उप नियम 1 के अधीन नियत तारीख से पूर्व, रिटर्निंग अधिकारी को उसके द्वारा हास्ताक्षरित, लिखित में, नोटिस परिदन्त करके अपना नामनिर्देंशन (नामांकन) वापस ले सकता है। (2) अभ्यर्थी जिसमें अपना नामनिर्देशन (नामांकन) वापस लिया हो, उसे (वापिस लिया जाना) रद्ध करने के लिए या उसी निर्वाचन हेतु अभ्यर्थी के रूप में पुनः नामनिर्देंशन (नामांकन) किए जाने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

15. निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशनः– (1) नियम 14 के अधीन, उस अवधि के अवसान के ठीक पश्चात् जिसके भीतर अभ्यर्थिता को वापस लिया जा सकता है, रिटर्निंग अधिकारी निर्वाचन

लड़ने वाले अभ्यर्थियों अर्थात अभ्यर्थी जो विद्यिमान्य रूप से नामांकित हुए थे और जिन्होंने अपनी अभ्यर्थिता को उक्त अवधि के भीतर वापस नहीं लिया हो की सूची तैयार करेगा तथा राज्य में अग्रणी समाचार–पत्रों में से किसी एक में प्रकाशित करवाएगा। (2) उक्त सूची में निर्वाचिन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नाम (वर्णक्रम में) और पते अनतर्दिष्ट होंगे। (3) उक्त सूची राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी प्रचार किया जाएगा जैसी निटर्निंग अधिकारी उचित समझें।

16. मतदानः– (1) यदि निर्वाचन हेतु नामनिर्देशन (नामांकन) फाइल हासिल करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या निर्वाचित किए जाने वाले सदस्यों की संख्या से अधिक नहीं होती, तो रिटर्निंग अधिकारी ऐसे अभ्यर्थियों को तत्काल सम्पक रूप से निर्वाचित घोषित करेगा। (2) यदि ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या इस प्रकार निर्वाचित किए जाने वाले सदस्यों की संख्या से अधिक हो तो रिटर्निंग अधिकारी मतदान के लिए नियम तारीख से पूर्व तीस दिन अपश्चात प्ररूप –VI मे संख्याकित घोषणा पत्र के साथ प्रत्येक अन्य निर्वाचक को, प्ररूप V में सूचना पत्र, अभ्यर्थियों के नाम वर्णक्रम में अन्तर्दिष्ट करते हुए और रिटर्निंग अधिकारी के आद्यक्षर या प्रतिरूप हस्ताक्षर वाला परूप – VII में मतदान पत्र, रिटर्निंग अधिकारी को संशाधित मतदान पत्र आवरण तथा उक्त अधिकारी को संशाधित बाह्य आवरण भी रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजेगा। (3) निर्वाचक को भेजे सूचना के प्रत्येक ऐसे पत्र की बावत डाक का प्रमाण–पत्र अभिप्राप्त किया जाएगा। (4) कोई निर्भयक, जिसे उसको डाक द्वारा भेजे गए मतदान और अन्य संबद्व पत्र प्राप्त नहीं हुए हो या जिसने उन्हें खो दिया हो या जिसके मामले में पत्र रिटर्निंग अधिकारी को वापस करने से पूर्व ही अनवधानता से (विकृत) खराब हो गए हो, उस प्रभाव की घोषणा, लिखित रूप में पारेशित कर सकेगा और रिटर्निंग अधिकारी को मतदान के लिए नियत तारीख से पूर्व पन्द्रह दिन अपश्चात उसे नए पत्र भेजने के लिए प्रार्थना कर सकेगा तथा यदि पत्र खराब (विकृत) हुए हों तो खराब (विकृत) हुए पत्र रिटर्निंग अधिकारी को वापस किए जाएंगे, जो प्राप्त करने पर उन्हें रद्व करेगा। (5) ऐसे प्रत्येक मामले में, जिसमें ऐसे नए पत्र जारी किए गए हो, नामावली में, यह घोषित करने के लिए कि उसे नए पत्र जारी किए गए है, निर्वाचक के नाम से संबनिधित संख्या के सामने एक चिन्ह लगया जाएगा। (6) निर्वाचक द्वारा उसके मतपत्र और अन्य संबद्व पत्रों के प्राप्त न होने के कारण कोई भी निर्वाचन अविधिमान्य नहीं होगा। (7) प्रत्येक निर्वाचक को उतने अभ्यर्थियों को मतदान करने का अधिकार होगा, जितने स्थान / पद निर्वाचन द्वारा भरे जाने है तथा मत अनंतरणीय होगा। (8) प्रत्येक निर्वाचक जो सूचना–पत्र (प्ररूप–V) में दिए गए निर्देष के अनुसार घोषण–पत्र (प्ररूप–VII) भरने के पश्चात अपना मत अभिलिखित करने का इच्छुक हो तो मतपत्र को मत आवरण (लिफाफे) में संलग्न करेगा, चिपकाएगा और घोषणा पत्र के साथ उक्त आवरण (लिफाफे) रिटर्निंग अधिकारी को संबोधित बाह्य लिफाफे में संलग्न करेगा तथा उस बाह्य लिफाफे को डाक द्वारा निर्वाचक की अपनी लागत पर या दस्ती रिटर्निंग अधिकरी को इस प्रकार भेजेगा ताकि यह उसके पास मतदान के लिए नियत तारीख पर मतदान बन्द करने हेतु नियत समय से अपश्चात पहुंचे। (9) घोषणा–पत्र से युक्त लिफाफे और मतपत्र से युक्त बन्द लिफाफे आदरण की डाक द्वारा या दस्ती प्राप्ति पर रिटर्निंग अधिकारी बाह्य लिफाफे पर इसकी प्राप्ति की तारीख और समय पिरिवेष्टित करेगा। (10) उक्त दिवस और समय पश्चात प्राप्त समस्त लिफाफे अस्वीकृत किए जाएंगे।

17. आवरण (कवर) का खोला जानाः– (1) रिटर्निंग अधिकारी मतदान के लिए नियत समय की समाप्ति के ठीक पश्चात समस्त बाह्य लिफाफे खोलेगा।

(2) कोई भी अभ्यर्थी, उस समय जब बाह्य लिफाफे खोले जाते हैं, व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रह सकते है या उस समय उपस्थित रहने हेतु अपना सम्यक रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधि भेज सकेंगें।

18. मतपत्र आवरणों की अस्वीकृतिः– (1) कोई मतपत्र रिटर्निंग अधिकारी द्वारा अस्वीकृत (नामंजूर) किया जाएगा, यदि –

(क) मतपत्र आवरण के बाहर बाह्य लिफाफे में कोई घोषणा–पत्र अमलर्दिष्ट नहीं हो; या–

(ख) घोषणा–पत्र वह नहीं है जो रिटर्निंग अधिकारी द्वारा से भेजा गया था; या

(ग) घोषणा–पत्र निर्वाचक द्वारा हस्ताक्षरित, नहीं किया गया है; या

(घ) मतपत्र को मतपत्र आवरण के बाहर रखा गया है; या

(ङ) असी (एक ही) बाह्य लिफाफे में एक से अधिक घोषणा–पत्र या मतपत्र आवरण संलग्न किए गए हैं।

(2) अस्वीकृति (नामंजूरी) के प्रत्येक मामले में मतपत्र, आवरण और घोषणा पत्र पर ''अस्वीकृत'' शब्द पृष्ठांकित किया जाएगा। मतपत्र आवरण पर, अस्वीकृत के लिए कारण भी, संक्षेप में अभिलिखित किए जाएंगे।

(3) रिटर्निंग अधिकारी अपना यह समाधान करने के पश्चात कि निर्वाचकों ने घोषणा–पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए है, नियम 22 के अधीन निपटारा होने तक समस्त घोषणा–पत्र सुरक्षित अभिरक्षा में रखेगा।

19. संवीक्षा और मतों की गणनाः– (1) मतो की गणना हेतु नियत तारीख को नियत तारीख को नियम 18 के अधीन अस्वीकृत से भिन्न मतपत्र आवरण खोले जाएंगे और निकाले गए मतपत्र इकटठे मिलाये / मिश्रित किए जाएंगे। (2) मतपत्रों की उसके बाद संवीक्षा की जाएगी और विधिमान्य मतों की गणना की जाएगी। (3) गणना की प्रक्रिया को देखने हेतु कोई अभ्यर्थी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रह सकता है या सम्यक रूप से प्रधिकृत लिखित में उसके द्वारा अपना प्रतिनिधि भेज सकता है। (4) मतपत्र अविधिमान्य होगा यदि, –

(क) इस पर रिटर्निंग अधिकारी के आद्यक्षर या प्रतिरूप हस्ताक्षर न हो;

(ख) मतदाता मतपत्र पर अपना नाम हस्ताक्षरित करता है या इस पर कोई चिन्ह लगता है जिसके द्वारा यह उसके मतपत्र के रूप में पहचान किए जाने योग्य बन जाता है; या

(ग) उस पर कोई मत अभिलिखित नहीं है; या

(घ) यह अभिलिखित मत की अनिश्चितता के कारण शून्य है; या

(ङ) उस पर अभिलिखित मतों की संख्या निर्वाचित किए जाने वाले सदस्यों की संख्या से अधिक है; या

(च) मत का अभिलेख इस प्रयोजन के लिए उपबंधित से भिन्न स्थान पर या रीति में किया गया हो।

(5) रिटर्निंग अधिकारी, यदि ऐसा निवेदन किया गया है तो, संवीक्षा या मतो की गणना के समय मतपत्र अभ्यर्थियों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों को दिखाएगा।

(6) यदि कोई अभ्यर्थी या उसका प्रतिनिधि उस आधार पर कि यह विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं का पालन नहीं करता हैं मतपत्र की स्वीकृति पर या रिटर्निंग अधिकारी द्वारा मतपत्र की अस्वीकृति पर कोई आपेक्षा करता है तो इसका विनिश्चय रिटर्निंग अधिकारी द्वारा तत्काल किया जाएगा जिसका विनिश्चक उस पर अंतिम होगा।

(7) रिटर्निंग अधिकारी, राज्य सरकार द्वारा इस निमित जारी किए जाने वाले ऐसे निदेशों के अनुसार, मतो की गणना हेतु व्यक्तियों की संख्या नामनिर्दिष्ट करेगा जैसी वह उचित समझे।

20. पुनर्गणना के लिए व्यवस्थाएंः– कोई अभ्यर्थी या उसका अभिकर्ता मतो की गणना के दौरान किसी भी समय रिटर्निंग अधिकारी को समस्त अभ्यर्थियों या किसी अभ्यर्थी के मतों की पुनगर्णना करने के लिए लिखित मे, निवेदन कर सकता है तथा रिटर्निंग अधिकारी तदनुसार तत्काल उनकी पुनगर्णना करेगा। रिटर्निंग अधिकारी प्रायः किसी ऐसे मामले में जिसमें किसी पूर्व गणना की शुद्वता के बारे में उसका समाधान न हुआ हो, अपने सवविवेक से, एक या अधिक बार मतो की पुनगर्णना कर सकता है, परन्तु एक से अधिक बार मतों की पुनगर्णना करने के लिए रिटर्निंग अधिकारी बाध्यकर नहीं होगा।

21. परिणामों की घोषणाः– (1) जब मतो की गणना पूर्ण कर ली गई हो, तो रिटर्निंग अधिकारी प्रत्येक अभ्यर्थी के पक्ष में अधिक मत प्राप्त होने के क्रम में अभ्यर्थियों की सूची तैयार करेगा तथा भरे जाने वाले स्थानो की संख्या के अनुसार उस क्रम में सफल अभ्यर्थियों के परिणाम घोषित करेगा। (2) यदि इस प्रकार निर्वाचित स्वीकार करने से इनकार करता है तो उस अभ्यर्थी के स्थान पर शेष अभ्यर्थियों में से कोई एक जिसे मतों की अगली अधिकतम संख्या प्राप्त हुई हो निर्वाचित हुआ समझा जाएगा तथा वही प्रक्रिया अपनायी जाएगी जो प्रायः इस प्रकार रिक्ति होने पर अपनायी जाती है। (3) जब किन्ही दो या अधिक अभ्यर्थियों के मध्य मतों की समानता हो तो यथास्थिति भक्ति या व्यक्तियों को जिन्हें निर्वाचित हुआ समझा जाएगा, रिटर्निंग अधिकारी या उसके द्वारा, ऐसी रीति में जिसे वह अवधारित करें, प्राधिकृत अन्य किसी अधिकारी द्वारा अवधारित किया जाएगा। (4) जैसे ही परिणाम घोषित किया जाता है, रिटर्निंग अधिकारी प्रत्येक सफल अभ्यर्थी को उसके राज्य चिकित्सा परिषद में निर्वाचित किए जाने के बारे में सूचित करेगा।

22. मत पत्र रखे रहनाः– गणना पूर्ण होने पर और परिणाम घोषित हो जाने पर, रिटर्निंग अधिकारी मतपत्रों और निर्वाचन से सम्बंधित समस्त अन्य दसतावेज को सील करेगा और उन्हें छह मास की अवधि के लिए रखे रहेगा तथा राज्य सरकार की पूर्व सहमति के बिना उक्त छह मास के अवसान के पश्चात भी इन अभिलेखों को नष्ट नहीं करेगा या नष्ट नहीं करवाएगा।

23. निर्वाचन के परिणामों की सूचनाः– (1) रिटर्निंग अधिकारी निर्वाचित अभ्यर्थियों के नाम राज्य सरकार को धारा – 3 की उपधारा – 9 के अधीन राजपत्र में उनके नाम प्रकाशित करने की इसकी कानूनी बाध्यता को पूर्ण करने हेतु समर्थ बनाने के लिए सूचित करेगे। (2) निर्वाचन की बाबत किसी विवाद की दशा में, जिसे उक्त निर्वाचक के परिणाम की घोषणा के पन्द्रह दिन के भीतर रिटर्निंग अधिकारी के पास दाखिल किया जा सकता है, इसे धारा 3 की उप–धारा 7 के अधीन इसके किस अधिकारी को जो सरकार के सचिव की पंक्ति से नीचे का न हो, के माध्यम से राज्य सरकार को निर्दिष्ठ किया जाएगा जो अंतिम होगा।

भाग –VI

राज्य चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचनः–

24. राज्य चिकित्सा परिषद के सदस्यों का रजिस्टरः– राज्य चिकित्सा परिषद का कार्यालय, हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद (साधारण) नियम 2006 के नियम 5 के अधीन यथा अपेक्षित एक रजिस्टर रखेगा जिसमें समय–सयम पर निर्वाचित या नामनिर्दिष्ट सदस्यों के नाम और अन्य दिए जाएगे।

25. राज्य चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रियाः– (1) यथाशक्य शीध्र और नई परिषद के गठन के 15 दिन अपश्चात, परिषद के अध्यक्ष का निर्वाचन, परिषद के सदस्यों द्वारा उनमें से यथास्थिति इसके गठन या पुनर्गठन के पश्चात उक्त परिषद की प्रथम बैठक में किया जाएगा। (2) रजिस्ट्रार बैठक में उपस्थित सदस्यों को उक्त अध्यक्ष के पद के लिए नामनिर्देशन (नामांकन) करने हेतु आमन्त्रित करेगा। प्रत्येक नामनिर्देशन (नामांकन) बैठक में उपस्थित एक अन्य सदस्य द्वारा समर्थक के रूप में समर्थित किया जाएगा। परन्तु कोई भी सदस्य अध्यक्ष के पद के लिए एक सक अधिक सदस्य को नामनिर्दिष्ट या समर्थित नहीं करेगा। (3) यदि इस प्रकार नामनिर्दिष्ट मात्र एक ही व्यक्ति है तो उसे परिषद के अध्यक्ष के रूप में समयक रूप से निर्वाचित घोषित किया जाएगा। (4) तथादि, यदि अध्यक्ष के पद के लिए एक से अधिक सदस्य समयक रूप से नामनिर्दिष्क ओर समर्पित हैं, तो रजिस्ट्रार मतों पर आगामी कार्यवाही निम्नलिखित रीति में करेगा, अर्थातः–

(क) प्रत्येक उपस्थित सदस्य को कागज की एक–एक पर्ची दी जाएगी, जिस पर सदस्य उस अभ्यर्थी का नाम लिखेगा जिसके पक्ष में वह मतदान करना चाहता है। वह फिर पर्ची को मोड़ने के पश्चात इसे रजिस्ट्रार को दे देगा।

(ख) रजिस्ट्रार, समस्त पर्थियों की प्राप्ति के पश्चात प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त किए गए मतों की गणना करेगा तथा उस सदस्य को जिसमें सर्वाधिक मत प्राप्त किए है, अध्यक्ष के रूप में सम्यक रूप से निर्वाचित है, सम्यक रूप से अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित घोषित करेगा।

(ग) यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त मतों की संख्या बराबर हो तो रजिस्ट्रार मामलो का विनिश्चय लाट द्वारा ऐसी रीति में कर सकता है, जो वह उचित समझे तथा लाटरी द्वारा इस प्रकार अवधारित सदस्य सम्यक रूप से परिषद का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया जाएगा।

26. राज्य चिकित्सा परिषद के उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रियाः– (1) नियम 25 के अधीन, निर्वाचित किए जाने के पश्चात अध्यक्ष, अध्यक्षता करेगा तथा राज्य चिकित्सा परिषद के सदस्य उनमें से परिषद के उपाध्यक्ष का निर्वाचन करने के लिए प्रस्तावित करेंगे (2) नियम 25 में अधिकथित प्रक्रिया अपनायी जाएगी केवल उसी मामले में जहां मत बराबर हो अध्यक्ष का मत निर्णायक होगा।

प्ररूप –1

(नियम 7 देखें)

निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने के लिए दावा।

सेवा में,

रजिस्ट्रार,
हिमाचल प्रदेश राज्य चिकित्सा परिषद्
शिमला।

महोदय,

मैं एतद् द्वारा, हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद अधिनियम, 2003 (2003 का 16) के अधीन परिचित हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद (निर्वाचन) नियम 2007 के नियम 7 के अधीन, उक्त अधिनियम की धारा 3 की उप–धारा 3 के खण्ड़ (ग) के अधीन, हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद् के आगामी निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित करने के लिए दावा फाइल (दाखिल) करता हुं। सुसंगत ब्यौरे नीचे दिए गए हैः–

नाम .....
पता .....
.....
.....

शैक्षणिक अर्हताएं
.....

पदनाम और शासकीय (पदीय) पता, यदि कोई है : .....

दावे के लिए आधार (सबूत सहित यदि कोई है) .....

मैं घोषणा करता हूं कि मैं भारत का नागरिक हुं राज्य का निवासी हुं और चिकित्सा में व्यवसाय कर रहा हुं / ..... राज्य में नियोजित हुं।

(दावेदार का हस्ताक्षरण)

स्थानः .....

तारीखः .....

प्ररूप – 2

(नियम 7 देखें)

प्रारूप निर्वाचक नामावली में प्रविष्टि पर आक्षेप ।

सेवा में,

रजिस्ट्रार,
हिमाचल प्रदेश राज्य चिकित्सा परिषद्
शिमला।

महोदय,

मैं एतद् द्वारा, हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद अधिनियम, 2003 (2003 का 16) के अधीन विरचित हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद् (निर्वाचन) नियम, 2007 के नियम 7 के अधीन, उक्त अधिनियम की धारा 3 की उप–धारा 3 के खण्ड़ (ग) के अधीन हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद के आगामी निर्वाचन के सबंध में आपके द्वारा तैयार की गई निर्वाचक नामावली में निम्नलिखित प्रविष्टि के लिए, अपना आपेक्ष फाईल (दाखिल) करता हुं।

1. व्यक्ति का नाम

निर्वाचक नामावली में जिसके नाम की प्रविष्टि पर आक्षेप किया गया है
.....

2. आपेक्ष की गई प्रविष्टि की विशिष्टियां

.....

3. प्रविष्टि पर आक्षेपों के आधार

.....

(आक्षेपकर्ता के हस्ताक्षर)

स्थानः .....

तारीख : .....

क्रम संख्या और आक्षेपकर्ता का नाम जैसा कि निर्वाचक नामावली में दर्ज किया गया है।

.....

आक्षेपकर्ता का पता .....

(प्रतिहस्ताक्षर)

स्थान : .....

तारीखः .....

क्रम संख्या और प्रतिहस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का नाम जैसा कि निर्वाचक नामावली में दर्ज किया गया है।

..... प्रतिहस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का पता.....

प्ररूप – 3

(नियम 9 देखें)

हिमाचल पदेश चिकित्सा परिषद्

निर्वाचन कार्यक्रम की सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है किः–

(1) परिषद के रजिस्ट्रर में दर्ज रजिस्ट्रकृत चिकित्सा व्यवसायियों में से ..... सदस्यों के निर्वाचन हेतू ..... तारीख को निर्वाचन किया जाना है।

(2) नामनिर्देशन पत्र, अभ्यर्थी वैयक्तिक रूप से या उसके प्रस्थान द्वारा ..... को या उससे पूर्व डाक द्वारा रिटर्निंग अधिकारी को परिदन्त किया जा सकेगा।

(3) नामनिर्देशन पत्र का प्ररूप, रिटर्निंग अधिकारी से, किसी भी कार्य दिवस को केवल ..... रूपये के संदाय पर, उसके कार्यालय से प्राप्त किया जा सकेगा।

(4) नामनिर्देशन .....(तारीख) को संवीक्षा हेतू लिया जाएगा।

(5) अभ्यर्थियता वापस लेने की सूचना इस अभ्यर्थी द्वारा या प्रयोजन हेतू लिखित में सम्यक रूप से प्रच्पिकृत, उसके प्रस्थापक द्वारा रिटर्निंग अधिकारी को ..... (समय) तक ..... तारीख को परिदत की जा सकेगी।

(6) मतो की गणना ..... को .....रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में की जाएगी और केवल उपरोक्त तारीख और समय तक प्राप्त चिन्हित (चिहनांकित) मतपत्र की ही गणना की जाएगी।

(7) परिणाम मतों की गणना के तुरन्त पश्चात् घोषित किये जाएंगे।

स्थानः.....

तारीखः .....

.....

(नाम)

रिटर्निंग अधिकारी

प्ररूप – 4

(नियम 10 देखें)

नामनिर्देशन (नामांकनपत्र)

हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद् अधिनियम, 2003 (2003 का 16) की धारा 3 की उप–धारा 1 के खण्ड़ (ग) के अधीन हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद् का निर्वाचन।

1. अभ्यर्थी का नाम
.....

2. पिता का नाम
.....

3. अर्हता और जन्म–तिथि
.....

4. अर्हता की प्रकृति
.....

5. रजिस्ट्रीकृत संख्या (राज्य चिकित्सा रजिस्ट्रर में)।
.....

6. राज्य चिकित्सा रजिस्ट्रर या इसकी परिशिष्ट (वर्ष दर्शाते हुए) जिसमें नाम लिखे है, की पृष्ठ संख्या।
.....

7. नामावली में (क्रम संख्या)
.....

8. पता; मकान नम्बर
.....

ढलाक / ढली नम्बर
.....

गांव / नगर
.....

डाक खाना
.....

पिन कोड़
.....

9. प्रस्तावक (प्रस्थापक) का नाम .....

10. प्रस्तावक (प्रस्थापक) के हस्ताक्षर .....

11. राज्य चिकित्सा रजिस्टर में प्रस्तावक (प्रस्थापक) की रजिस्ट्रीकरण संख्या और उक्त रजिस्टर या उसका परिशिष्ट (वर्षा दर्शाते हुए) जिसमें नाम लिखे हैं की पृष्ठ संख्या

.....

12. नामावली में क्रम संख्या

.....

13. समर्थक का नाम

.....

14. समर्थक के हस्ताक्षर

.....

15. राज्य चिकित्सा रजिस्टर में समर्थक की रजिस्ट्रीकरण संख्या और उक्त रजिस्टर या उसका परिशिष्ट, (वर्ष दर्शाते हुए) जिसमें नाम लिखा है, की पृष्ठ संख्या .....

16. नामावली में क्रम संख्या .....अभ्यर्थी द्वारा घोषणा

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हुं कि मैं इस नामनिर्देशन (नामांकन) से सहमत हुं।

अभ्यर्थी

यह नामनिर्देशन (नामांकन) पत्र मेरे द्वारा ..... (स्थान) पर ..... (तारीख) को ..... (समय) पर प्राप्त किया गया।

(रिटर्निंग अधिकारी के हस्ताक्षर)

रिटर्निंग अधिकारी का नामनिर्देशन (नामांकन) पत्रों को स्वीकृत करने या अस्वीकृत करने का विनिश्यच मैने इस नामनिर्देशन (नामांकन) पत्र का विधि के अनुसार परीक्षण कर लिया है ओर निम्नलिखित विनिश्चय किया है:–

स्थानः.....

तारीखः.....

.....

रिटर्निंग अधिकारी

नामनिर्देशन नामांकन पत्र जो रिटर्निंग अधिकारी द्वारा .....(समय) से पूर्व ..... को प्राप्त नहीं किया गया है, अविधिमान्य होगी।

प्ररूप – 5

(नियम 16 के उप–नियम (2) और (8) देखें)

सूचनापत्र

महोदय / महोदया,

ऐसे व्यक्ति जिनके नाम संलग्न मतपत्र में मुद्रित है, हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद् अधिनियम, 2003 (2003 का 16) की धारा 3 की उप–धारा (1) के खण्ड (ग) के अधीन हिमाचल प्रदेश राज्य चिकित्सा अभ्यर्थी

के रूप परिषद के निर्वाचन हेतू सम्यक रूप से अभ्यर्थी हैं। यदि आप निर्वाचन में वोट डालने की वाछां रखते है, तो, मैं आपसे निवेदन करता हुं कि आपसेः–

(क) प्ररूप – VI को भर कर हस्ताक्षर करें,

(ख) मतपत्र पर मुद्रित अनुदेशों के अनुसार (परूप –VII) मतपत्र में प्रयोजन हेतू उपबंधित स्तम्भ में अपना वोट चिन्हित चिहनांकित करें।

(ग) मतपत्र को छोटे लिफाफे में बन्द कर के संलग्न करे; और

(घ) छोटे लिफाफे और घोषणापत्र को, बाहरी लिफाफे जो कि आकार में बड़ा है और जिस पर पहले से ही मेरा पता मुद्रित हैं संलग्न करे और इसे अपने खर्च पर डाक द्वारा मुझे वापस करें या स्वयं मेरे कार्यालय में परिक्षत करें। जिसमें कि यह मेरे कार्यालय में. ..... तारीख .....20..... से पूर्व पहुंच जाए।

2. मतपत्र अस्वीकृत किए जाएंगे यदि .....

(क) बाहरी लिफाफा जिसमें मतपत्र लिफाफा या घोषणा पत्र संलग्न है, डाक द्वारा नहीं भेजा गया है या मेरे कार्यालय में स्वयं परिक्षत नहीं किया गया है या मतदान बन्द (समाप्त) करने के नियत समय के पश्चात प्राप्त किया गया है;

(ख) बाहरी लिफाफे में, छोटे लिफाफे के बाहर कोई घोषणा पत्र (अन्तर्विष्ट) न हो; या

(ग) मतपत्र, मतपत्र लिफाफे के बाहर रखा है; या

(घ) घोषणा पत्र वह न हो, जो रिटर्निंग अधिकारी द्वारा मतदान को भेजा है; या

(ङ) एक या एक से अधिक घोषणा पत्र या मतपत्र एक या उसी बाहरी लिफाफे में संलग्नप हो; या

(च) नर्वाचक (मतदाता) द्वारा हस्ताक्षर न किए हो; या

(छ) मतपत्र अविधिमान्य हो।

3. मतपत्र अविधिमान्य होगा, यदिः–

(i) इस पर रिटर्निंग अधिकारियों के आघाक्षर; या

(ii) किसी मतदान ने, मतपत्र पर अपने नाम हस्ताक्षर किया हो, या उस पर कोई शब्द लिखा हो या कोई चिन्ह बनाया हो, जिसमें कि यह अभिज्ञे होता हो; या

(iii) उस पर कोई मत अभिलिखित न हो; या

(iv) उस पर अभिलिखित मतों की संख्या, निर्वाचित की जाने वाली संख्या से अधिक हो; या

(अ) प्रयुक्त मत की अनिश्चितता हेतू शून्य है।

4. यदि कोई मतदाता मूल / असावधानी / अनवधानता से कोई मतपत्र खराब कर देता है, तो वह मतदान के लिए नियत तारीख से 15 दिन अपश्चात रिटर्निंग अधिकारी को वापस कर सकेगा, जो ऐसी अनवधानता का समाधान हो जाने पर उसे दूसरा मतपत्र जारी करेगा।

5. मतो की गणना और संवीक्षा ..... (तारीख) को ..... (समय) पर शुरू होगी।

6. रिटर्निंग अधिकारी या ऐसा अन्य व्यक्ति, जिसे वह अपनी सहायता के लिए नियुक्त करे; अभ्यर्थी या सम्यक रूप से प्राधिकृत उनके प्रतिनिधियों के सिवाय कोई भी व्यक्ति संवीक्षा और गणना के समय उपस्थित नहीं होगा।

रिटर्निंग अधिकारी

प्ररूप–6

(नियम 16 का उप–नियम (2) और 8 देखें)

घोषणा

हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद अधिनियम 2003 (2003 का 16) की धारा 3 की उप–धारा 1 के खण्ड (ग) के अधीनप हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद का निर्वाचन।

निर्वाचन का नाम .....

राज्य चिकित्सा रजिस्टर ने रजिस्ट्रीकरण संख्या और उस रजिस्टर या उसके परिशिष्ट (वर्ष दर्शाते हुए) जिसमें नाम लिखें है, की पृष्ठ संख्या।

.....

मैं .....(पूरा नाम और पदनाम यदि कोई है) घोषणा करता हुं कि मैं हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद् अधिनियम 2003 (2003 का 16) की धारा 3 की उप–धारा 1 के खण्ड (ग) के अधीन हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद् के सदस्यों के निर्वाचन हेतू निर्वाचक (मतदान) हुं।

स्थानः.....

तारीखः.....

निर्वाचक (मतदान) के हस्ताक्षर

प्ररूप–7

(नियम 16 का उप–नियम (2) और (8) देखें)

मतपत्र

मतपत्र की क्रम संख्या .....,..... सदस्य (सदस्यों) को हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद् अधिनियम, 2003 (2003 का 16) के अधीन हिमाचल प्रदेश राज्य चिकित्सा परिशद का सदस्य निर्वाचित किया गया है / किए गये है।

क्रं संख्या	सम्यक रूप से नामनिर्देशित अभ्यर्थी का नाम व पते।	मत (वोट)
1.		
2.		
3.		
4.		
5.		
6.		

..... रिटर्निंग अधिकारी के आद्याक्षर (प्रतिरूप) / अनुलिपि हस्ताक्षर / निर्देश।

1. प्रत्येक निर्वाचक (मतदाता) को जितने सदस्यों का निर्वाचित किया जाना है उतने अभ्यर्थीयों के लिए मत डालने का अधिकार है।

2. वह, उन अभ्यर्थीयों को जिन्हें वह अद्यिमान देना चाहे के नाम (मों) के सामने ष्ष का चिन्ह लगाकर मत देगा।

3. मत पत्र यदि .....

(क) उस पर रिटर्निंग अधिकारियों के आद्याक्षर या अनुलिपि (प्रतिरूप) हस्ताक्षर न हो; या

(ख) किसी मतदाता ने, मतपत्र पर अपने नाम का हस्ताक्षर किया हो, या उस पर कोई शब्द लिखा हो या कोई चिन्ह बनाया हो, जिससे कि यह अभिज्ञेश होता हो कि यह मतपत्र उसका है; या

(घ) उस पर कोई मत (वोट) अभिलिखित न हो; या

(ङ) 'X' चिन्ह इस प्रकार लगाया गया है कि यह संदेहपूर्ण बन जाए कि यह किस अभ्यर्थी को उपयोजित करने के लिए आशयित है, या यदि, इसे निर्वाचित किए जाने के लिए अपेक्षित अभ्यर्थियों की संख्या से अधिक नामों के सामने रख (लिख) गया है;

संख्या का उपदर्शित किया जाना

आदेश द्वारा,
हस्ता / –
प्रधान सचिव।

[Authoritative English Test of this Department Notification No.HFW-B(A)2-2/2001-III dated 16-8-2007 as required under clause (3) of Article 348 of the constitution of India].

HEALTH AND FAMILY WELFARE DEPARTMENT

NOTIFICATION

In exercise of the powers conferred by section 31 of the Himachal Pradesh Medical Council Act, 2003 (Act No.16 of 2003) and all other powers enabling him in this behalf, the Governor of Himachal Pradesh proposes to make the following rules for carrying out the purposes of the Act

ibid and hereby publishes the same in the Rajpatra Himachal Pradesh for the information of the general public;

If any interested person likely to be affected by these rules has any objection or suggestion with regard to these rules, he may send the same to the Principal Secretary(Health) to the Government of Himachal Pradesh within a period of thirty days from the date of publication of the said draft rules in the Rajpatra Himachal Pradesh;

The objection(s) or suggestion(s), if any received, within the above stipulated period shall be taken into consideration by the Government before finalizing the said draft rules, namely:-

DRAFT RULES

PART-I

PRELIMINAR

1. *Short title and commencement.*— (1) These rules may be called the Himachal Pradesh Medical Council (Election) Rules, 2007.

(2) These rules shall come into force on the date of their publication in the Rajpatra, Hiamchal Pradesh.

2. *Definitions*.— (1) In these rules, unless there is anything repugnant to the subject or context,-

(a) "Act" means the Himachal, Medical Council Act, 2003 (Act No. 16 of 2003);

(b) "Council" means the Himachal Pradesh Medical Council constituted under section 3 of the Act;

(c) "Election" or "re-election" means election or re-election to the State Medical Council;

(d) "Form" means a Form appended to these rules;

(e) "nomination" or "re-nomination" means nomination or re-nomination to the State Medical Council;

(f) "Official Gazette" means the Rajpatra, Himachal Pradesh;

(g) "register" means the Medical Practitioner's register maintained under section 15 of the Act;

(h) "Registrar" means the Registrar of Council to be appointed by the Council from time to time under section 14 of the Act;

(i) "Returning Officer" means the Registrar or the Deputy Registrar, as the case may be, acting as such under rule 3 of these rules;

(j) "section" means a section of the Act; and

(k) "State Government" means the Government of Himachal Pradesh;

(2) All other words and expressions used herein and not defined, but defined in these Rules, shall have the same meanings respectively assigned to them in the Act.

PART-II

ELECTION TO STATE MEDICAL COUNCIL

3. *Returning Officer*.— The Registrar or the Deputy Registrar shall be the Returning Officer. The Returning Officer shall inform the State Government about the constitution of a new Council and he shall also notify in the Official Gazette and in two leading newspapers, at least sixty days prior to the expiry of the tenure of the existing Council, about the constitution of a new Council and about the proposed schedule of election.

4. *Constitution of new Council.*— The following procedure shall be followed for the purpose of constituting the new Council, namely,-

(a) The Returning Officer shall intimate to the Dean/Principal/Director of every Government Medical College established by law in the State of Hiamchal Pradesh, having a medical faculty to elect one member from each Government Medical College by the medical faculty thereof from amongst the permanent members of the teaching faculty. The election shall be conducted and completed by the respective College, within thirty days, at a special meeting convened under the direction of the Director, Health Services, Himachal Pradesh, wherein the Director of Health Services or his representative shall observe the election proceedings and the name of the elected members shall be intimated to the Returning officer;

(b) The Returning Officer shall intimate to the Himachal Medical Officers' Association regarding the election of one member from amongst its members to be elected to the Council. The election of such member shall be conducted and completed by the said Association within thirty days, at a special meeting convened under the directions of the Director Health Services, Himachal Pradesh, wherein the Director of the Health Services or his representative shall observe the election proceedings and name of elected member shall be intimated to the Returning Officer. Only registered medical practitioner registered with the Council shall attend and vote in such a meeting.

Explanation.- For the purposes of the clause, the Director of Health Services shall decide as to which Association is recognized and his decision shall be final;

(c) The Returning Officer shall intimate to the State Government that the State Government shall nominate to the Council four members having registration qualifications as prescribed in the Indian Medical Council Act, 1956 (Central Act No. 102 of 1956). The State Government shall intimate the names of such four members to the Returning Officer within thirty days.

(d) The Returning Officer shall conduct the election of eight members to be elected under clause (c) of section 3 of the Act by the registered practitioners from amongst themselves in accordance with the provisions contained in Part-III of these rules.

PART-III

PREPARATION OF ELECTORAL ROLL AND MODE OF ELECTION OF MEMBERS FROM REGISTERED MEDICAL PRACTITIONERS.

5. *Qualifications of Voters.*— (1)No person shall be qualified to vote or to be elected unless:-

(i) he is a citizen of India;
(ii) his name is entered in the register mentioned under section 15 of the Act;
(iii) he either carries on his profession or is employed in the State of Himachal Pradesh;

(2) A voter's name shall not be removed from the electoral roll for the reason that the elector has, subsequent to the publication of the final register, ceased to hold the capacity in which he was registered as such:

Provided that a candidate for an election must continue to hold the requisite qualification/capacity by virtue of which he is seeking election.

6. *Preparation of electoral roll*.— (1) The electoral roll for the election shall comprise all registered practitioners registered with the Council as on the date of the notice of the election issued under sub-rule (1) of rule 9.

(2) The electoral roll shall be prepared by the Registrar from the register containing the names of registered medical practitioners under section 15 of the Act and it shall contain the name, father's name, address and registration number of every elector qualified to vote for the election of a member of the Council.

(3) The names of electors shall be arranged in the order in which they are registered for inviting claims or objections, by making a copy thereof available for inspection by displaying it in the office of the Council.

